**केंद्रीय विद्यालय डी.आर.डी.ओ बेंगलुरू**

**शीत-कालीन अवकाश गृह-कार्य**

**विषय – हिन्दी**

**कक्षा- VI**

1. 5 पृष्ठ सुलेख लिखें।
2. पुस्तक माँगने को लेकर एक छात्र और छात्रा के बीच हुए संवाद को लिखिए।
3. अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को अपना सेक्शन बदलवाने के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए।

**कक्षा - सातवीं**

1. 5 पृष्ठ सुलेख लिखें।
2. वर्तमान समय में बढ़ती महंगाई को लेकर दो महिलाओं के बीच हुए संवाद को लिखिए।

3.अपने बड़े भाई के विवाह समारोह में जाने के लिए चार दिनों का अवकाश मांगते हुए अपने विद्यालय के प्राचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए।

**<u>कक्षा - आठवीं</u>**

**1.  5 पृष्ठ सुलेख लिखें।**

**2. पंद्रह दिनों तक लगातार अनुपस्थित रहने के कारण आपका नाम काट दिया गया है। अपनी अनुपस्थिति का उचित कारण बताते हुए पुनः प्रवेश के लिए अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए**

**3 .स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मानसरोवर गार्डेन शाखा के प्रबंधक को प्रार्थना पत्र लिखिए जिसमें खाता खोलने का अनुरोध किया गया हो।**

**4.  निम्नलिखित विषयों पर अनुच्छेद लिखिए ।**
**क. बढ़ती महंगाई**
**ख. मोबाइल और विद्यार्थी**
**ग़. पुस्तकालय का महत्व**

**<u>कक्षा- IX</u>**

**<u>उद्देश्य</u>** – रचनात्मक अभिव्यक्ति, कलात्मक अभिव्यक्ति, रुचिपूर्ण कार्य, भावनात्मक अभिव्यक्ति, खोज-बीन की प्रवृति, स्वाध्याय की प्रवृति !

1)**परियोजना कार्य**-गाँव के जीवन का चित्रात्मक वर्णन कीजिए| ग्रामीण परिवेश के प्राकृतिक दृश्य आपको किस प्रकार प्रभावित करते हैं?

“बाल मजदूरी एक विश्वव्यापी समस्या है |”इस संदर्भ में एक लेख लिखिए | आज बाल मज़दूरी की वास्तविक स्थिति पर आधारित आंकड़ों के आधार पर परियोजना कार्य कीजिए |

2) **अभ्यास कार्य**- उपसर्ग,प्रत्यय,समास,वाक्य-भेद,अलंकार के दर-दस उदाहरण अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखें |

Kanika Mani
X-A
Roll No. 5

केंद्रीय विद्यालय संगठन ,कोलकाता संभाग
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN, KOLKATA REGION
प्री .बोर्ड परीक्षा / PREE BOARD EXAMINATION 2024-25

कक्षा –दसवीं | अधिकतम अंक/MAX .MARKS - 80

विषय –हिंदी (कोड 002) | निर्धारित समय : 3 घंटे

---

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए:

- इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न हैं | सभी प्रश्न अनिवार्य है |
- इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं -क ,ख , ग ,घ |
- खंड -क में कुल 2 प्रश्न है ,जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 10 है |
- खंड -ख में कुल 4 प्रश्न हैं ,जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है | दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 16 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |
- खंड -ग में कुल 5 प्रश्न हैं ,जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है |
- खंड -घ में कुल 4 प्रश्न हैं , सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं |
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए |

---

## खण्ड -क

### (अपठित गद्यांश एवं पद्यांश - अंक 14 )

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

भूमि ,भूमि पर बसने वाला जन और जन की संस्कृति इन तीनो के सम्मिलन से राष्ट्र का स्वरूप बनता है | राष्ट्र का तीसरा अंग जन की संस्कृति है | मनुष्य ने युगों -युगों में जिस सभ्यता का निर्माण किया है वही उसके जीवन की स्वास -प्रश्वास है | बिना संस्कृति के जन की कल्पना कबंध मात्र है , संस्कृति ही जन का मष्तिष्क है | राष्ट्र के समग्र रूप में भूमि और जन के साथ -साथ जन की संस्कृति का महत्वपूर्ण स्थान है | यदि भूमि और जन अपनी संस्कृति से विरहित कर दिए जाएँ तो राष्ट्रीय -लोप समझना चाहिए | जीवन के विटप का पुष्प संस्कृति है | जंगल में जिस प्रकार अनेक लता ,वृक्ष और वनस्पति अपने अदम्य भाव से उठते हुए पारस्परिक सम्मिलन से अविरोधी स्थिति प्राप्त करते हैं ,उसी प्रकार राष्ट्रीय जन अपनी संस्कृति के द्वारा एक दूसरे के साथ मिलकर राष्ट्र में रहते हैं | जिस प्रकार जल में अनेक प्रवाह नदियों के रूप में मिलकर समुद्र में एकरूपता प्रदान करता है ,उसी प्रकार राष्ट्रीय जीवन में अनेक विधियां राष्ट्रीय संस्कृति में समन्वय प्राप्त करती हैं समन्वयुक्त जीवन ही राष्ट्र को सुखद बनाता है | गाँव और जंगलों में स्वछंद जन्म लेने वाले लोकगीतों में ,तारों के नीचे विकसित होने वाले लोक कथाओं में संस्कृत का अमित भंडार भरा हुआ है | जहां से आनंद की भरपूर मात्रा प्राप्त हो सकती है | राष्ट्रीय संस्कृत के परिचय - काल में उन सबका स्वागत करने की आवश्यकता है |

1 . लेखक के अनुसार राष्ट्र का निर्माण किन -किन से होता है ? 1

क) भूमि

ख) लोग

ग) संस्कृति

घ) उपरोक्त सभी

2 . निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए- 1

1) बिना संस्कृति के जन की कल्पना नहीं करनी चाहिए ।

2) संस्कृति ही जन का मस्तिष्क है ।

3) लोकगीत ,लोक कथा संस्कृति का भण्डार नहीं है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन- सा / से सही है / हैं?

क)कथन 1 तथा कथन 2 असत्य हैं ।

ख) कथन 2 और 3 सत्य है ।

ग) कथन 1 और 2 सत्य हैं तथा कथन 3 असत्य है ।

घ) तीनो कथन सत्य हैं ।

3 . कथन - समन्वयुक्त जीवन ही राष्ट्र को सुखद बनाता है । 1

कारण - मिलकर साथ रहने से सभी में भाई चारे की भावना बढती है जिससे सभी प्रसन्न होते हैं ।

विकल्प-

क) कथन सही है परन्तु कारण गलत है ।

ख) कथन गलत है परन्तु कारण कथन की सही व्याख्या नही करता ।

ग) कथन सही है और कारण दोप्नो ही गलत है ।

घ) कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या करता है ।

4. अपने आस -पास किस प्रकार की संस्कृति देखते हैं ? 2

5. हम हमारी संस्कृति को और बेहतर कैसे बना सकते हैं ? 2

**प्रश्न 2. निम्नलिखित काब्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

वह आता -
दो टूक कलेजे के करता ,पछताता
पथ पर आता ।
पेट पीठ दोनों मिलकर हैं एक ,
चल रहा लकुटिया टेक ,
मुट्टी -भर दाने को -भूख मिटाने को ,
मुहँ फटी पुरानी झोली का फैलाता -
दो टूक कलेजे के करता पछताता पथ पर आता ।
साथ दो बच्चे भी हैं सदा हाथ फैलाए ,

बाएँ से वे मलते हुए पेट को चलते ,
और दाहिना दया -दृष्टि पाने की और बढाए |
भूख से सूख ओंठ जब जाते
दाता -भाग्य -विधाता से क्या पाते ?
घूँट आँसुओं के पीकर रह जाते |
चाट रहे जूठी पत्तल वे सभी सड़क पर खड़े हुए ,
और झपट लेने को उनसे कुत्ते भी हैं अड़े हुए |

**(1) "दो टूक कलेजे के करता " का आशय इनमे से क्या है ?** 1

क ) उसे देखने से हृदय में ख़ुशी उमड़ने लगती थी |
ख ) उसे देखने से हृदय में दया उमड़ने लगती थी |
ग ) उसे देखने से हृदय दो टुकड़ों में बँट जाता था |
घ ) वह अपने कलेजे के दो टुकड़े करता आता था |

**(2) काब्यांश में किसका चित्रण किया गया है ?** 1

क ) लोगों के सोच का |
ख ) मनुष्यों के भाग्य का |
ग ) भाग्य - विधाता के सोच का|
घ) सामजिक विषमता का |

**(3) " आँसुओं के घूँट पीकर रह जाना ' मुहावरे का अर्थ है -** 1

क ) विवशता में अपमान सहना |
ख ) स्नेह के कारण आँसू पी लेना |
ग ) स्नेह की पराकाष्ठा ,जिसमे कोई देखे नहीं |
घ ) भूख मिटाना |

(4) भिक्षुक के बच्चों की दशा भूख के कारण कैसी हो गई है? 2

(5) भिक्षुक की दयनीय अवस्था को अपने शब्दों में अभिव्यक्त कीजिये ? 2

## ( खण्ड-ख )

## <u>व्यावहारिक व्याकरण(अंक 16)</u>

**प्रश्न 3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद ' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार प्रश्नों</u> के उत्तर लिखिए :-** 1 x 4 =4

1) सूरज उगा और अन्धकार दूर हो गया | रचना के आधार पर वाक्य -भेद है? 1

2) 'रोहन बाज़ार गया | वहाँ से सेब लाया | " इस वाक्य का संयुक्त वाक्य में रूपांतरण कीजिए ? 1

3) 'जो व्यक्ति साहसी हैं उनके लिए कोई कार्य असंभव नहीं है|" सरल वाक्य में इसका रूपांतरण किस प्रकार होगा | 1

4) <u>जो लोग फूलों की सेज पर सोते हैं</u>,वे जीवन के कष्टों को क्या जाने| रेखांकित उपवाक्य का भेद है?1

2024.12.08 11:03

5) केवट ने कहा कि बिना पाँव धोए आपको नाव पर नहीं चढाऊंगा। आश्रित उपवाक्य का भेद क्या है? 1

**प्रश्न 4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-1x4 =4**

(1) इस वाक्य का वाच्य लिखिए -" आओ , यहाँ बैठा जा सकता है|" 1

(2) " हम सर्दी में गर्म पानी से नहाते हैं "| उपर्युक्त वाक्य को भाव वाच्य में बदलिए | 1

(3) ' उमेश हँसा ' | प्रस्तुत वाक्य को भाववाच्य में बदलिए | 1

(4) "हालदार साहब ने पान खाया ' | इसमें कौन सा वाच्य है | 1

(5) " सैनिक देश की रखवाली करता है '| इसमें कौन सा वाच्य है | 1

**प्रश्न 5 . निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद -परिचय लिखिए :-** 4 x 1=4

(1 ) भूषण वीर रस के कवि थे | 1

(2) "हम अपने कर्तब्य पर मर मिटेंगे | 1

(3) 'हम उपवन में गए '|

(4) "काला घोड़ा तेज भागता है" | 1

(5) 'वह किसे देख रहा है | 1

**प्रश्न 6 . निर्देशनुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों की रेखांकित काब्य पंक्तियों में अलंकार पहचान कर लिखिए :** 4 x 1=4

(1 ) 'सुनत जोग लागत है एसो ज्यो करुई ककरी '| 1

(2) " कहीं साँस लेते हो घर - घर भर देते हो " | 1

(3) ' चरण - कमल बन्दों हरिराई "| 1

(4) 'कोटि -कुलिस -सम वचन तुम्हारा "| 1

(5) " पानी परात को हाथ छुयो नहीं नैनन के जल सों पग धोए"| 1

**(खण्ड -ग)**

**पाठ्यपुस्तक (अंक 14)**

**प्रश्न 7.निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :** 5x 1=5

गर्मियों में उनकी 'संझा "कितनी उमसभरी शाम को न शीतल करती !अपने घर के आँगन में आसन जमा बैठते | गाँव के उनके कुछ प्रेमी भी जुट जाते | खँजडि.यों और करतालों की भरमार हो जाती | एक पद बालगोबिन भगत कह जाते ,उनकी प्रेमी -मंडली उसे दुहराती ,तिहराती| धीरे -धीरे स्वर ऊँचा होने लगता -एक निश्चित ताल,एक निश्चित गति से | उस ताल -स्वर के चढ़ाव के साथ श्रोताओं के मन भी ऊपर उठने लगते | धीरे -धीरे मन तन पर हावी हो जाता | होते -होते ,एक क्षण ऐसा आता कि बीच में

2024.12.08 11:03

खंजड़ी लिए बालगोबिन भगत नाच रहे हैं और उनके साथ ही सबके तन और मन नृत्यशील हो उठे हैं। सारा आँगन नृत्य और संगीत से ओतप्रोत है।

**(1) भगत की संझा वातवरण पर क्या प्रभाव डालती थी ?** 1

क ) गर्मी का तीव्रता बढ़ा देती थी।

ख ) वर्षा का वेग बढ़ा देती थी।

ग ) गर्मी की उष्णता कम कर शीतलता प्रदान करती।

घ ) प्रेमियों को दूर कर देती थी।

**(2 ) यहाँ "संझा " शब्द का प्रयोग किस संदर्भ में किया गया है ?** 1

क ) शाम का समय बताने के लिए।

ख ) सायंकाल गाए जाने वाले गीत के लिए।

ग ) सायंकाल किये जाने वाले घरेलू कार्यों के लिए।

घ ) सायंकाल की जाने वाली पूजा -अर्चना के लिए।

**(3)" धीरे -धीरे मन तन पर हावी हो जाता "-का क्या आशय है ?** 1

क ) मन बेकाबू हो जाता था

ख ) शरीर वही करता जो मन कहता था

ग ) मन तन पर से नियन्त्रण करना पड़ता था

घ ) मन आनंद विभोर हो जाता था ,ऐसे में तन स्वयं झूम उठता था।

**(4) ताल - स्वर का चढ़ावा श्रोताओं को किस प्रकार प्रभावित करता था ?** 1

क ) उनका मन भटकने लगता था

ख ) वे जोर से गाने लगते थे

ग ) उनका मन विचलित हो उठता था

घ ) उनका मन भी उपर उठने लगता

**5 ) कथन - गर्मियों में उनकी 'संझा "कितनी उमसभरी शाम को न शीतल करती ! अपने घर के आँगन में आसन जमा बैठते।** 1

**कारण - भगत के संगीत लोगों को कष्ट भूलने में मदद करती थी।**

**विकल्प -**

क) कथन सही है परन्तु कारण गलत है।

ख) कथन गलत है परन्तु कारण कथन की सही व्याख्या नही करता।

ग) कथन सही है और कारण दोनों ही गलत है।

घ) कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

**प्रश्न 8. निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए :** 3x2=6

(क ) हालदार साहब मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा देखकर भावुक क्यों हो गए ? 2

(ख ) बालगोबिन भगत की दिनचर्या लोगों के अचरज का कारण क्यों थी ? 2

2024.12.08 11:03

(ग ) लेखक ने नवाब साहब के खीरे -खाने के आग्रह को क्यों नकार दिया था ? जबकि लेखक के मुहँ में पानी भर आया था ? 2

(घ ) अंतिम दिनों में मन्नू भंडारी के पिता का स्वभाव शक्की हो गया था , लेखिका नें इसके क्या कारण दिए? एक कहानी यह भी पाठ के आधार पर लिखिए? 2

**प्रश्न 9.निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए -** 5x1=5

हमारे हरि हारिल की लकरी
मन क्रम वचन नंद-नंदन उर ,वह दृढ करि पकरि|
जागत सोवत स्वप्न दिवस -निसि ,कान्ह-कान्ह जक री |
सुनत जोग लागत है ऐसो,ज्यों करुई ककरी |
सु तौ व्याधि हमको लै आए ,देखी सुनी न करी |
यह तो "सूर" तिन्हीं लै सौपों ,जिनके मन चकरी ||

**(1) हारिल पक्षी से किसकी तुलना की गई है ?** 1

क) गोपियों की
ख) उद्वव की
ग) कृष्ण की
घ) ब्रजवासियों की

**(2 ) गोपियों ने उद्वव के व्यवहार की तुलना किस -किस से की है?** 1

(i) कमल के पत्ते से
(ii) कमल के पत्ते से, तेल लगी गागर से और ब्रज के पेड़ -पौधों से
(iii) कमल के पत्ते से ब्रज के पेड़ -पौधों से
(iv) तेल लगी गागर से

**निम्नलिखित में से कौन- सा विकल्प सही है?**

**(क) (i) ,(ii) ,(iii)**
**(ख) (i) तथा (ii)**
**(ग) (i) तथा (iv)**
**(घ) (iii) तथा (iv)**

**(3) ' उधो ,तुम हो अति बड़भागी |' -पंक्ति में कौन सा व्यंग्य निहित है ?** 1

(क) उद्धव के बहुतसमझदार हैं और गोपियों को ज्ञान का पाठ पढ़ने आए हैं |
(ख) उद्वव जन्म से ही सौभाग्यशाली है और इसका बखान कर रहे हैं |
(ग) उद्वव कमल; के पत्ते के समान है |
(घ) उद्धव श्रीकृष्ण के साथ रहते हुए भी उनके प्रेम से वंचित है |

2024.12.08 11:04

(4) **निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए ।** 1

**कथन : गोपियों को योग का सन्देश कड़वी ककड़ी के समान लगता है ।**

**कारण : गोपियाँ श्रीकृष्ण के वियोग में व्याकुल हैं ।**

(क) कथन सही है ,किन्तु कारण गलत है ।

(ख) कथन गलत है किन्तु कारण सही है ।

(ग) कथन और कारण दोनों सही है , कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता है ।

(घ) कथन और कारण दोनों सही है ,कारण कथन की सही व्यख्या करता है ।

(5) **गोपियों ने योग रूपी व्याधि किसे देने की सलाह दी है ?** 1

(क) जो बीमार हो

(ख) जो ईश्वर भक्त हो

(ग) जो कृष्ण को ही भगवान् माने

(घ) जिसका मन चकरी के समान चंचल हो।

**प्रश्न 10 . निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए :-** 3x2=6

(क) कवि बादल से फुहार ,रिमझिम या बरसने के स्थान पर "गरजने " के लिए कहता है ,क्यों? 2

(ख) 'अट नहीं रही है'- कविता के आधार पर फागुन में ऐसा क्या होता है जो बाकी ऋतुओं से भिन्न होता है ? 2

(ग) परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने के लिए कौन -कौन से तर्क दिए ?

(घ) 'आत्मकथ्य' में कवि आत्मकथा न लिखने के लिए जिन तर्कों का सहारा ले रहा है उनमें से किन्हीं दो तर्कों का उल्लेख कीजिये ।

2

**प्रश्न 11 .पूरक पाठ्य पुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 -60 शब्दों में लिखिए :** 2x4=8

(क )भोलानाथ और उसके साथियों के खेल आज के खेल और खेल -सामग्रियों की अपेक्षा मूल्यों का विकास करने में अधिक समर्थ थे । 'माता का आँचल" पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 3

(ख)हिरोशिमा की घटना विज्ञान का भयानकतम दुरूपयोग है । आपकी दृष्टि में विज्ञान का दुरूपयोग कहाँ -कहाँ और किस तरह से हो रहा है। 'मैं क्यों लिखता हूँ "? पाठ को दृष्टि में रखते हुए उत्तर दीजिए। 3

(ग)"साना -साना हाथ जोड़ी "पाठ में गन्तोक को "मेहनतकश" बादशाहों का शहर क्यों कहा गया 3

**(खण्ड -घ )**

**लेखन(अंक 20)**

**प्रश्न 12 .निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत -बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :** 1x6=6

**(क) कोविड -19 (कोरोना वायरस )**

2024.12.08 11:04

संकेत बिंदु - कोरोना का संक्रमण
- बचाव के उपाय
- लॉकडाउन के सकारात्मक प्रभाव
- उपसंहार

**(ख) साइबर युग ,साइबर ठगी : सावधानियाँ एवं सुरक्षा उपाय**

संकेत बिंदु -बढ़ते ऑनलाइन कार्य ,
- साइबर ठगी की बढती घटनाएँ ,
- सावधानियाँ,
- इससे बचने के उपाय

**(ग) पर्यावरण संरक्षण : समय की माँग**

संकेत बिंदु - मानव और पर्यावरण में अटूट सम्बन्ध ,
- संरक्षण की आवश्यकता क्यों?
- संरक्षण की योजनाओं का प्रभाव ,
- सुझाव

प्रश्न13 " अपने नगर के विद्युत अधिकारी को बिजली की कटौती के कारण पढाई में आने वाली कठिनाइयों की चर्चा करते हुए इसमें सुधार के लिए पत्र लिखिए | 1x5 =5

अथवा

वाद - विवाद प्रतियोगिता में पहली बार भाग लेने तथा पुरस्कार पाने का अनुभव बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए |

प्रश्न14. आपका नाम मारिया / मोहनिश हैं | आपने बी.एस-सी. कंप्यूटर साइंस में उत्तीर्ण की है | अ. ब. स. बैंक को कुछ कंप्यूटर इंजीनियरों की आवश्यकता है | अपनी शैक्षणिक योग्यताओं, रूचि और अनुभव की जानकारी देते हुए लगभग 80 शब्दों में एक स्ववृत्त तैयार कीजिए| 1x5 =5

अथवा

आप रुपाली / मयंक हैं| ई-मेल द्वारा बैंक प्रबंधक को अपनी पास -बुक खोने की सूचना लगभग 80 शब्दों में दीजिए |

प्रश्न 15 जल - प्रदूषण की भयावहता के प्रति सब को सचेत करने वाला एक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में बनाइए | 1x4=4

<u>अथवा</u>

नगर निगम की ओर से छठ पर्व हेतु शुभकामना संदेश 30-40 शब्दों में लिखिए |

2024.12.08 11:04

# आदर्श प्रश्न पत्र सत्र 2024-25

# विषय- हिंदी - पाठ्यक्रम अ (कोड -002)

# कक्षा : दसवीं

**समय-3.00घंटे**

**पूर्णांक-80**

**सामान्य निर्देश: निम्न लिखित निर्देशों का पालन कीजिए -**

**कृपया जाँच करें कि इस प्रश्न पत्र में 15 प्रश्न हैं ।**

- **इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं -क ,ख ,ग और घ । चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं ।**
- **प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व सही प्रश्न संख्या अवश्य लिखें और दिए गए प्रश्न निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**
- **प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा ।**
- **10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न -पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर -पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।**

## खंड- क (अपठित बोध )

1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर के विकल्प को चुनिए और प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

1+1+1+2+2=7

संस्कृत में एक कहावत है कि दुर्जन दूसरों के राई के समान मामूली दोषों को पहाड़ के समान बड़ा बनाकर देखता है और अपने पहाड़ के समान बड़े पापों को देखते हुए भी नहीं देखता। सज्जन या महात्मा ठीक इससे विपरीत होते हैं। उनका ध्यान दूसरों की बजाए केवल अपने दोषों पर जाता है। अधिकांश व्यक्तियों में कोई न कोई बुराई अवश्य होती है। कोई भी बुराई न होने पर व्यक्ति देवता की कोटि में आ जाता है। मनुष्य को अपनी बुराइयों को दूर करने का प्रयत्न करना चाहिए, न कि दूसरों की कमियों को लेकर छींटाकशी करने या टीका-टिप्पणी करने का। अपने मन की परख को पवित्र करने का सबसे उत्तम साधन है-आत्मनिरीक्षण। यह आत्मा की उन्नति का सर्वश्रेष्ठ मार्ग है। महात्मा कबीर ने कहा है कि जब मैंने मन की पड़ताल की, तो मुझे अपने जैसा कोई बुरा न मिला। महात्मा गाँधी ने कई बार स्पष्ट रूप से कहा था-“मैंने जीवन में हिमालय जैसी बड़ी भूलें की हैं।" अपनी भूलों पर ध्यान देना या उन्हें स्वीकार करना आत्मबल का चिह्न है। जो लोग दूसरों के सामने अपनी भूल नहीं मानते और न ही अपने को दोषी स्वीकार करते हैं, वे सबसे बड़े कायर हैं। जिसका अंतःकरण शीशे के समान उजला है, उसे झट अपनी भूल महसूस हो जाती है। मन तो दर्पण है। मन में पाप है, तो पाप दिखाई देता है। पवित्र आचरण वाले अपने मन को देखते हैं, तो उन्हें लगता है कि अभी इसमें कोई कमी रह गई है, इसलिए वे अपने मन को बुरा कहते हैं। यही उनकी नम्रता की साधना है।

(i). दूसरों के राई के समान दोषों को पहाड़ के समान कौन देखता है?

(A) सज्जन (B) महात्मा

(C) दुर्जन (D) देवता

(ii). महात्माओं का ध्यान किसके दोषों की तरफ़ जाता है?

(A) सभी लोगों के  (B) सारे संसार के

(C) केवल अपने  (D) केवल दूसरों के

(iii). जिन्हें अपनी भूल तुरंत महसूस हो जाती है, उनका अंतःकरण होता है -

(A) पत्थर के समान  (B) शीशे के समान

(C) हिमालय के समान  (D) देवताओं के समान

(iv) लेखक के अनुसार अपने मन को पवित्र करने का उत्तम साधन क्या है?

(v) कोई भी बुराई न होने पर व्यक्ति किस कोटि में आ जाता है?

2. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर के विकल्प को चुनिए और प्रश्नोंके उत्तर लिखिए। 1+1+1+2+2=7

फिर से नहीं आता समय, जो एक बार चला गया,
जग में कहीं बाधा-रहित कब कौन काम हुआ भला ।
'बहती नदी सूखे अगर उस पार इसके मैं चलूँ' -
इस सोच में बैठा पुलिन पर, पार जा सकता भला ?
किस रीति से क्या काम, कब करना, बनाकर योजना,
मन में लिए आशा प्रबल, दृढ़ जो वही बढ़ जाएगा ।
उसको मिलेगा तेज बल, अनुकूलता सब ओर से,
वह कर्मयोगी, वीर, अनुपम साहसी सुख पाएगा ।।
यह वीरभोग्या, जो हृदय तल में बनी वसुधा सदा,
करती रही आह्वान है, युग-वीर का, पुरुषत्व का ।
कठिनाइयों में खोजकर पथ, ज्योति-पूरित जो करे,
विजयी वही होता धरणी-सुत वरण कर अमरत्व का ।।

(i) समय की क्या विशेषता है?

(A) समय धीरे धीरे जाता है  (B) समय कर्मयोगी है

(C) बीता समय वापस नहीं आता  (D) समय बाधा रहित है

(ii) कौन सा मनुष्य पार नहीं जा सकता है?

(A) जो पुलिन पर बैठा हो  (B) जो योजना बनाता हो

(C) जो साहसी हो  (D) जो मेहनती हो

(iii) वसुधा सदैव किसका आह्वान करती है?

(A) विजयी का  (B) युग वीर का

(C) समय का  (B) हृदय का

(iv) धरती किसका आह्वान करती रही है?

(v) अमरत्व प्राप्त करने वाला व्यक्ति अपनी राह कैसे निकालता है?

## खंड- ख ( व्यावहारिक व्याकरण)

3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1x4=4

(i) जब गौरव चार दिन गाँव में रहा तब सबका प्रिय हो गया। ( संयुक्त वाक्य में बदलिए )

(ii) सूर्योदय हुआ और अँधेरा गायब हो गया । (सरल वाक्य में बदलिए)

(iii) ज्यों ही संध्या हुई त्यों ही सारे पशु लौटने लगे । (वाक्य का भेद पहचान कए लिखिए)

(iv) विद्यार्थी परिश्रमी होता है तो अवश्य सफल होता है । (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(v) शहर में जिनकी आय कम होती है वे दुखी ही रहते हैं । (वाक्य - भेद बताइए)

4- निम्नांकित वाक्यों में रेखांकित पाँच पदों में से किन्हीं चार पदों का पद परिचय दीजिए। 1x4=4

(i) हम अपने देश पर <u>मर मिटेंगे</u> ।

(ii) अहा! उपवन में <u>सुन्दर फूल</u> खिले हैं ।

(iii) <u>एवरेस्ट</u> संसार का सबसे ऊँचा शिखर है ।

(iv) <u>भूषण वीर</u> रस के कवि थे ।

(v) रमेश <u>वहां दसवीं</u> कक्षा में बैठा है ।

5. निर्देशानुसार “वाच्य” पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1x4=4

(i) आज घूमने चलें -(भाववाच्य में बदलिए)

(ii) मुझसे उठा नहीं जा सकता-(कर्तृवाच्य में बदलिए)

(iii) पक्षी आकाश में उड़ेंगे-(कर्मवाच्य में बदलिए)

(iv) लड़का तैरता है-(भाववाच्य में बदलिए)

(v) कलाकार द्वारा मूर्ति गढ़ी जाती है- (वाच्य पहचानकरभेद लिखिए)

6. निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त पाँच अलंकारों में से किन्हीं चार अलंकारों को पहचानकर लिखिए। 1x4=4

(i) कार्तिक की एक हँस मुख सुबह,
नदी तट से लौटती गंगा नहाकर।

(ii) भूप सहस दस एकहिं बारा ।
लगे उठावन टरत न टारा ॥

(iii) सुविरण को खुजत-फिरत कवि, व्यभिचारी, चोर।

(iv) पड़ी अचानक नदी अपार, घोड़ा उतरे कैसे पार।
राणा ने सोचा इस पार, तब तक चेतक था उस पार,

(v) मानो माई घनघन अंतर दामिनि ।

घन दामिनि दामिनि घन अंतर सोभित हरि भामिनि।

## खंड- ग (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक )

7. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए :

1x5=5

किंतु खेतीबारी करते, परिवार रखते भी, बालगोबिन भगत साधु थे -साधु के सब परिभाषाओं में खरे उतरने वाले। कबीर को साहब मानते थे, उन्हीं के गीतों को गाते, उन्हीं के आदेशों पर चलते। कभी झूठ नहीं बोलते, खरा व्यवहार रखते। किसी से भी दो -टूक बात करने में संकोच नहीं करते, न किसी से खामखाह झगडा मोल लेते। वह गृहस्थ थे, लेकिन उनकी सब चीज़ साहब की थी। जो कुछ खेत में पैदा होता सिर पर लाद कर पहले उसे साहब के दरबार में ले जाते -जो उनके घर से चार कोस दूरी पर था-एक कबीरपंथी मठ से मतलब ! दरबार में 'भेंट' रूप रख लिया जाता। 'प्रसाद' रूप में जो उन्हें मिलता, उसे घर लाते और उसी से गुजर चलाते।

(i) प्रस्तुत गद्यांश में बालगोबिन भगत के "साहब" कौन थे -

(A) पिता (B) निराकार ईश्वर

(C) कबीर (D) कृष्ण

(ii) साहब के दरबार से मतलब है –------- से ।

(A) मंदिर (B) मस्जिद

(C) गुरुद्वारे (D) कबीरपंथी मठ

(iii) बालगोबिन भगत के विषय में कौन सा कथन सत्य नहीं है

(A) खरा व्यवहार रखते (B) कभी झूठ नहीं बोलते

(C) दो-टूक बात करते (D) खामखाह झगडा मोल लेते

(iv) लेखक ने गद्यांश में बालगोबिन भगत को------माना है ।

(A) नेता (B)कृषक

(C) साहब (D)साधू

(v) गृहस्थ होते हुए भी भगत साधु थे क्योंकि------------ थे ।

(A) वे पीले वस्त्र पहनते थे (B) खेतीबारी करते

(C) साधु के सब परिभाषाओं पर खरे उतरने वाले (D) प्रतिदिन मंदिर जाते थे

8. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए :

2x3=6

(क) संस्कृति निबंध का प्रतिपाद्य/ उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'नेताजी का चश्मा' पाठ के आधार पर सपष्ट कीजिए कि देश प्रेम प्रकट करने के लिए सैनिक होना ही आवश्यक नहीं है?

(ग) लेखिका का 'पड़ोस कल्चर' से क्या तात्पर्य है? आधुनिक जीवन में 'पड़ोस कल्चर' विच्छिन्न होने से हमारे जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा है?

(घ) बिना विचार घटना और पात्रों के भी क्या कहानी लिखी जा सकती है? लेखक के इस विचार से आप कहाँ तक सहमत हैं?

9. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए : 1x5=5

बादल, गरजो!-
घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ!
ललित ललित, काले घुँघराले,
बाल कल्पना के-से पाले,
विद्युत-छवि उर में, कवि, नवजीवन वाले!
वज्र छिपा , नूतन कविता
फिर भर दो-
विकल विकल, उन्मन थे उन्मन
विश्व के निदाघ के सकल जन,
आए अज्ञात दिशा से अनंत के घन!
तप्त धरा, जल से फिर
शीतल कर दो-
बादल, गरजो!

(i) बादलों के बीच कौन-सी शक्ति छिपी हुई है। ।
(A) नूतन कविता -सी (B) वज्र की-सी
(C) विद्युत-सी (D) बल कल्पना-सी

(ii) "जल" का संकेतार्थ ------हो सकता है ।
(A) दुख (B) क्रोध
(C) सुख, शांति (D) बेचैन

(iii) कवि शीतलता लाने के लिए किसका आह्वान कर रहा है?
(A) वर्षा को (B) भगवान को
(C) बादल को (D) सकल जन को

(iv) 'तप्त धरा' का क्या आशय है?
(A) प्यासी धरती (B) संतुष्ट धरती
(C) दुखी धरती (D) जलती धरती

(v) कवि बादलों से क्या निवेदन करता है?
(A) धरती पर गरजो। (B) धरती को शीतल कर दो।
(C) धरती पर छा जाओ। (D) इनमें से कोई नही

10. निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए :

2x3=6

(क) उज्ज्वल गाथा कैसे गाऊँ, मधुर चाँदनी रातों की- कथन के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है?

(ख) 'संगतकार'कविता के आधर पर स्पष्ट कीजिए कि संगतकार जैसे व्यक्ति सर्वगुणसम्पन्न होकर भी समाज में अग्रिम पंक्ति में न आकर प्रायः पीछे ही क्यों रहते हैं?

(ग) पठित कविता के आधार पर तुलसीदास की भाषा-शैली पर प्रकाश डालिए ।

(घ) गोपियों को राजधर्म की याद क्यों दिलानी पड़ी?

11. पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए :

4x2=8

(क) हिरोशिमा की घटना विज्ञान का भयानकतम दुरूपयोग है। आपकी दृष्टि में विज्ञान का दुरूपयोग कहाँ-कहाँ और किस तरह से हो रहा है ?

(ख) "कितना कम लेकर ये समाज को कितना अधिक वापस लौटा देती हैं" इस कथन के आधार पर स्पष्ट करें कि आम जनता की देश की आर्थिक प्रगति में क्या भूमिका है ?

(ग) माँ के प्रति अधिक लगाव न होते हुए भी विपत्ति के समय भोलानाथ माँ के आँचल में ही प्रेम और शांति पाता, इसका आप क्या कारण मानते हैं ?

## खंड- घ (रचनात्मक लेखन)

12- निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।

6

(क) मिशन अमृत महोत्सव -

संकेत बिंदु- पृष्ठभूमि, अमृत महोत्सव उद्देश्य, उपलब्धियाँ, उपसंहार ।

(ख) मन के हारे हार है , मन के जीते जीत

संकेत बिंदु- मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति, आशा -निराशा, मन पर विजय पाने का मार्ग, मानसिक विजय ही वास्तविक विजय ।

(ग) जल जीवन मिशन (हर घर नल से जल )

संकेत बिंदु - पृष्ठभूमि, उद्देश्य, स्वच्छ पानी, जीवन में जल का महत्त्व, जल- संकट के कारण एवं समस्याएँ, समाधान

13- छात्रावास में रहने वाले छोटे भाई को एक पत्र लिखिए जिसमें योग एवं प्राणायाम का महत्व बताया गया हो और नियमित रूप से इनका अभ्यास करने का सुझाव दिया गया हो। लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए । 5x1=5

अथवा

आपके नगर की प्रसिद्ध डेयरी में दूध तथा दूध से निर्मित पदार्थों में मिलावट की जाती है । नगर के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र द्वारा जानकारी देते हुए उचित कार्यवाही के लिए अनुरोध कीजिए |

14- अपने क्षेत्र में एक पार्क विकसित करने के लिए एक ई-मेल द्वारा नगर निगम अधिकारी को पत्र लिखिए । नगर निगम का ई- मेल पता- **knnbcm.co.in** (80 शब्दों में ई- मेल लिखिए)

**1x5=5**

**अथवा**

आप अपने शहर के राजकीय विद्या निकेतन में अध्यापक पद के लिए स्ववृत्त लेखन लिखिए: (80शब्दों में अपना एक संक्षिप्त स्ववृत्त लिखिए)

15- पर्यावरण विभाग की ओर से जल संरक्षण का आग्रह करते हुए आम जनता के लिए एक विज्ञापन 40 शब्दों में लिखिए।

1x4=4

अथवा

शिक्षक दिवस के अवसर पर अपने हिंदी शिक्षक के लिए एक भावपूर्ण संदेश 40 शब्दों में लिखिए |